# उत्तर प्रदेश
# पुलिस उपनिरीक्षक (SI)
## ऑनलाइन भर्ती परीक्षा, 2017

हल प्रश्न-पत्र
**2017**

[20-12-2017 (प्रथम पाली) को आयोजित]

### भाग-I : सामान्य हिन्दी

**1.** ''अप्रतिम'' शब्द का अर्थ दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?
(1) प्रतिमा (2) बेजोड़
(3) प्रथम (4) प्रियतम

**2.** दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें ''धन के ········· में आज भी कुछ लोग ········· बन जाते हैं।''
(1) लालच, जयचंद
(2) भ्रष्टाचार, हरिश्चंद्र
(3) राष्ट्र, वीरता
(4) बंधु, मर्द

**3.** ''मोह'' शब्द कौन-सा विशेषण है?
(1) सार्वनामिक (2) परिमाणवाचक
(3) संख्यावाचक (4) गुणवाचक

**4.** ''आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।
राणा ने देखा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।।''
दी गई पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?
(1) अतिश्योक्ति (2) उपमा
(3) उत्प्रेक्षा (4) अनुप्रास

**5.** दिए गए विकल्पों में से ''मुर्दनी'' शब्द के विपरीतार्थ शब्द का चयन कीजिए।
(1) तात्कालिक
(2) विषाद
(3) स्थायी
(4) जीवंतता

**6.** ''कौन रोक सकता है उसकी गति?
गरज उठते जब मेघ,
कौन रोक सकता विपुल नाद?''
पंक्तियों का रचनानुसार अलंकार पहचानिए।
(1) अर्थ श्लेष अलंकार
(2) प्रश्न अलंकार
(3) वीप्सा अलंकार
(4) शब्द श्लेष अलंकार

**7.** ''बगीचे का सुन्दरता अनूठा है।'' सही वाक्य का चयन करें।
(1) बगीचे की सुन्दरता अनूठा है
(2) बगीचे का सुन्दरता अनूठी है
(3) बगीचे की सुन्दरता अनूठी है
(4) बगीची की सुन्दरता अनूठा है

**8.** हिन्दी गद्य का सर्वप्रथम युग किसे माना जाता है?
(1) भारतेंदु युग (2) द्विवेदी युग
(3) शुक्ल युग (4) प्रेमचंद युग

**9.** ''पंच परमेश्वर'' के लेखक कौन हैं?
(1) जयशंकर प्रसाद (2) रामचंद्र शुक्ल
(3) मुंशी प्रेमचंद (4) महादेवी वर्मा

**10.** दिए गए चार विकल्पों में से ''प्रति'' का बहुवचन कौन-सा विकल्प है?
(1) प्रति (2) प्रतियाँ
(3) प्रतिवर्ग (4) प्रतिजन

**11.** चार विकल्पों में से शुद्ध वाक्य चुनिए।
(1) आकाशवाणी से यह समाचार कहा गया
(2) आकाशवाणी से यह समाचार सुनाया गया
(3) आकाशवाणी से यह समाचार प्रसारित किया गया
(4) आकाशवाणी से यह समाचार बताया गया

**12.** ''बिल्ली के गले में घण्टी बाँधना।'' के अर्थ का उचित विकल्प चुनिए।
(1) बिल्ली को सजाना
(2) घण्टी सुनने के मजे लेना
(3) अपने को संकट में डालना
(4) बिल्ली को क्रोधित करना

**13.** ''जमीन आसमान एक करना'' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(1) पूरी तरह से नष्ट करना
(2) घोर प्रयत्न करना
(3) मतलब निकालना
(4) व्यर्थ का कार्य करना

**14.** पुरानी हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी के मिश्रण से उत्पन्न नई जबान कौन-सी है?
(1) मानक भाषा (2) पश्चिमी भाषा
(3) हिन्दुस्तानी भाषा (4) साहित्यिक भाषा

**15.** ''पीपर पात सरिस मन डोला'' इस पंक्ति में 'मन' क्या है?
(1) वाचक (2) उपमान
(3) साधारण धर्म (4) उपमेय

**16.** ''नेताजी ने आजाद हिंदी फौजी का नियंत्रण किया।'' वाक्य की त्रुटियाँ सुधारें।
(1) नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व किया
(2) नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का निर्भय किया
(3) नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का नियंत्रण किया
(4) नेताजी ने आजाद हिन्द फौजी का नियंत्रण किया

**17.** ''यद्यपि वह बीमार था; परन्तु वह मेला गया।'' वाक्य की त्रुटियाँ सुधारें।
(1) यद्यपि वह बीमार था; लेकिन वह मेला गया।
(2) यद्यपि वह बिमार था; फिर भी वह मेला गया।
(3) यद्यपि वह बीमार था; तथापि वह मेला गया।
(4) यद्यपि वह बीमार था; किन्तु वह मेला गया।

**18.** निम्नलिखित वाक्य को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि कौन-से हिस्से में त्रुटि है?
''तेनालीराम ने कहीं सुना था की एक दुश्ट आदमी साधु का भेष बनाकर लोगों को अपने जाल में फँसा लेता है।''
(1) तेनालीराम ने कहीं सुना था
(2) की एक दुश्ट आदमी साधु
(3) को अपने जाल में फँसा लेता है
(4) का भेष बनाकर लोगों

Scanned by CamScanner

19. हिन्दी साहित्य की लब्धप्रतिष्ठित कृति 'कामायनी' के रचनाकार कौन हैं?
(1) प्रेमचंद (2) अज्ञेय
(3) सुदर्श (4) जयशंकर प्रसाद

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 20-22) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न के उत्तर दीजिए।

सामाजिक एवं आर्थिक दुर्बलताओं को दूर करने के लिए, राजनीतिक अधिकार प्राप्त करने के लिए विज्ञापन का जितना प्रयोग हो रहा है, उससे कहीं ज्यादा अपने मालों की बिक्री के लिए हो रहा है। इसके द्वारा भावात्मक दोहन बहुत धूर्तता के साथ होता है। एक कम्पनी दूसरे के बाजार को हड़पने के लिए विभिन्न तिकड़मों का सहारा लेती है। अंग-प्रदर्शन का बढ़ना विज्ञापन की अनैतिकता की पराकाष्ठा है। युवाओं पर इसका बहुत बुरा असर पड़ता है। देश का भविष्य तिमिर लोक में गुम हो जाए—यह सोची-समझी साजिश है, इस उपभोक्तावादी, पूँजीवादी संस्कृति के नायाब तरीके विज्ञापन की।

20. उपर्युक्त गद्यांश का मूल तत्व क्या है?
(1) राजनीतिक अधिकार का इस्तेमाल
(2) पूँजीवाद को बढ़ावा
(3) विज्ञापन के बढ़ते फैशन को बढ़ावा
(4) उपभोक्ताओं को विज्ञापन छल और फरेब से अवगत कराना

21. सामाजिक और आर्थिक दुर्बलताओं का मुख्यत: किसलिए उपयोग किया जा रहा है?
(1) उत्पादन की अत्यधिक बिक्री करने
(2) भावात्मक छल करने
(3) तिकड़मों का सहारा लेने
(4) अत्यधिक विज्ञापन द्वारा उत्पादन की जानकारी पाने

22. इस गद्यांश का शीर्षक क्या है?
(1) सांस्कृतिक अस्मिता और विज्ञापन
(2) विज्ञापन दाताओं की सोची-समझी योजनाएँ
(3) पूँजीवाद और विज्ञापन
(4) बाजारू संस्कृति

23. जो शब्द क्रिया की विशेषता बताए उसे ········ कहते हैं।
(1) क्रिया विशेषण (2) क्रिया रूप
(3) क्रिया भेद (4) प्रतिक्रिया

24. सन् 2006 में 'सार्क लिटरेरी अवार्ड' और सन् 2003 में 'सरोजिनी नायडू पुरस्कार' से पुरस्कृत होने वाली महिला लेखिका कौन-सी हैं?
(1) मनीषा कुलश्रेष्ठ
(2) नमिता सिंह
(3) ऊषा प्रियवंदा
(4) मैत्रयी पुष्पा

25. "मखाना" का समानार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?
(1) तालमखाना (2) मिसरानी
(3) सरगर्मी (4) गुसलखाना

26. "कूपमंडूक होना" मुहावरे का आशय क्या है?
(1) कुएँ में गिरना (2) घर में रहना
(3) बहरा
(4) अत्यन्त सीमित ज्ञान होना

27. निम्नलिखित वाक्य को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि कौन-से हिस्से में त्रुटि है?
'आधुनिक परिवार का एक हिस्सा बनकर जिंदगी मानसिक तनाव से गुजर गई है।'
(1) एक हिस्सा बनकर
(2) गुजर गई है
(3) जिंदगी मानसिक तनाव से
(4) आधुनिक परिवार का

28. "देव प्रसन्न होकर मनुष्यों को वर देते हैं।" वाक्य में प्रयुक्त 'देव' शब्द का बहुवचन बताइए।
(1) देवगण (2) देववृंद
(3) देवलोग (4) देवजन

29. "सतर्कता" शब्द का समानार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?
(1) सार्थकता (2) उचित
(3) समझदारी (4) मुस्तैदी

30. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
"कन्या की ········ के आरोप में उन्हें आजीवन जेल हुई।"
(1) बारी (2) पगड़ी
(3) हत्या (4) दृष्टि

31. "अरे वाह ········ आपका आगमन तो आकस्मिक है।"
वाक्य में रिक्त स्थान पर किस विरामचिह्न का प्रयोग किया जाएगा?
(1) विस्मयादिबोधक (2) अर्धविराम
(3) दोहरा अवतरण (4) प्रश्नचिह्न

32. 'हल्दी घाटी' के रचनाकार कौन हैं?
(1) राणाप्रताप
(2) हरिऔध
(3) श्यामनारायण पाण्डे
(4) सोहनलाल द्विवेदी

33. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें।
"मंत्र वह ········ है, जो अक्षरों एवं शब्दों के ········ से बनती है।"
(1) शक्ति, मिश्रण (2) वचन, जुड़ने
(3) बोल, संगीत (4) ध्वनि, समूह

34. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें।
"ये चारों ········ आपस में वैज्ञानिक विषयों पर ········ करते रहते हैं।"
(1) अक्सर, चर्चा (2) मिलकर, प्रयोग
(3) जुड़कर, टिप्पण (4) एकत्रित, पढ़ाई

35. व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को क्या कहते हैं?
(1) संज्ञा (2) सर्वनाम
(3) क्रिया (4) विशेषण

36. "········ से संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता प्रकट होती है।"
(1) विशेष्य (2) विशेषण
(3) संज्ञा (4) विशेषता

37. "छिछला" शब्द का विलोम शब्द कौन-सा है?
(1) गहरा (2) तृप्ति
(3) उजाड़ना (4) पीठ

38. निम्न में से किसमें विरोधाभास अलंकार का बोध होता है?
(1) देख लो साकेत नगरी है यही स्वर्ग को जा रही
(2) जान पड़ता है नेत्र देख बड़े-बड़े
(3) विरह है अथवा यह वरदान
(4) प्रियतम को समझ पा कामिनी न जा सकी न ठहर सकी

39. "काठ का उल्लू" का अर्थ क्या होता है?
(1) अडिग (2) निर्जीव
(3) अत्यधिक सरल (4) मूर्ख

40. बच्चों की कहानियाँ लिखने वाले और चाचा चौधरी पात्र के रचनाकार कौन हैं?
(1) आबिद सुरती (2) प्राण कुमार शर्मा
(3) अनिल कुमार (4) अनंत पाई

## भाग-II: मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

1. उप-राष्ट्रपति को पद की शपथ कौन दिलवाता है?
(1) मुख्य चुनाव आयुक्त
(2) भारत के राष्ट्रपति
(3) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(4) लोकसभा अध्यक्ष

2. सरकार को जनता का पैसा खर्च करने का अधिकार कौन देता है?
(1) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(2) लोकसभा
(3) राष्ट्रपति
(4) संसद

Scanned by CamScanner

**3.** इनमें से कौन-सी रचना रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा संगीतबद्ध नहीं की गई?
(1) एकला चलो रे
(2) अमार शोनार बांग्ला
(3) चित्त जेथा भयशून्य
(4) कदम-कदम बढ़ाये जा

**4.** रैयतवाड़ी भूमि राजस्व प्रणाली का संस्थापक होने का श्रेय किसे दिया जाता है?
(1) अकबर (2) अशोक
(3) चाणक्य (4) टोडरमल

**5.** इनमें से किस ऐतिहासिक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय रिजर्व बैंक को सूचना के अधिकार के अधिनियम के दायरे में ले लिया?
(1) लोक-स्वातंत्र्य संगठन बनाम भारत संघ
(2) राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ
(3) भारतीय रिजर्व बैंक बनाम जयंतीलाल मिस्त्री
(4) समान उद्देश्य बनाम भारत संघ

**6.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 169 के अनुसार, राज्य विधान परिषद् के गठन का अधिकार किसे होता है?
(1) प्रधानमंत्री
(2) संसद
(3) राष्ट्रपति
(4) राज्य की विधानसभा

**7.** भारत में किसी भी राज्य का गवर्नर बनने के लिए निम्न में से कौन-सी योग्यता होनी जरूरी है?
A. उसकी उम्र से कम-से-कम पैंतीस साल होनी चाहिए।
B. उसे संसद के किसी भी सदन या राज्य विधायिका का सदस्य नहीं होना चाहिए।
C. वह भारत का नागरिक होना चाहिए।
(1) A और B (2) B और C
(3) केवल A (4) A, B और C

**8.** रदरफोर्ड द्वारा किस प्रयोग ने नाभिक के अस्तित्व को साबित कर दिया?
(1) वू प्रयोग
(2) डबल-स्लिट प्रयोग
(3) आयल ड्रॉप प्रयोग
(4) गोल्ड फॉयल प्रयोग

**9.** हर राज्य का सर्वोच्च रैंकिंग भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी कौन होता है?
(1) वन सेवा प्रमुख
(2) प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(3) वन संरक्षक
(4) प्रभागीय वन अधिकारी

**10.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 A के अनुसार "राज्य कानून द्वारा इस प्रकार से तय करे कि ......... आयु समूह के सभी बच्चों को वह मुफ्त शिक्षा मुहैया कराये।"
(1) पाँच से बारह (2) छह से चौदह
(3) पाँच से दस (4) छह से बारह

**11.** इनमें से कौन-सा एक कृत्रिम कीटनाशक नहीं है?
(1) डाइक्लोरो-डिफेनील-ट्रिक्लेरोइथेन (डीडीटी)
(2) एल्ड्रिन
(3) बेंजीन हेक्साक्लोराइड (बी०एच०सी०)
(4) पैराकेट

**12.** राज्यसभा के लिए चुने गये/नामांकित सदस्य का कार्यकाल कितना होता है?
(1) छह साल (2) दो साल
(3) पाँच साल (4) चार साल

**13.** 30 नवम्बर 2017 को, भारतीय ई-टेल विशाल कम्पनी "फ्लिपकार्ट" का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कौन था?
(1) जेफ बेजोस (2) जैम कोउम
(3) जैक डोरसे (4) कल्याण कृष्णमूर्ति

**14.** हड़प्पा सभ्यता में 'गढ़' जगह किसके लिए जानी जाती थी?
(1) वहाँ उच्चतर वर्ग के लोग बसते थे
(2) वहाँ पुस्तकें रखी जाती थीं
(3) वहाँ पूरे शहर के लिए भोजन तैयार किया जाता था
(4) वहाँ निचले वर्ग के लोग बसते थे

**15.** राष्ट्रीय आयुष मिशन किससे सम्बन्धित है?
(1) शिक्षा (2) स्वास्थ्य
(3) कृषि (4) महिलाओं की सुरक्षा

**16.** इस यातायात चिह्न का मतलब क्या है?



(1) आगे सड़क चौड़ी हो रही है
(2) आगे पुल है
(3) आगे पुल संकरा है
(4) आगे केवल एक मार्ग है

**17.** इनमें से कौन-सी जनहित याचिका के जरिये नसबंदी के लक्ष्य हासिल करने के लिए राज्य द्वारा की गई धांधलियों को उजागर करने के उद्देश्य से आर्थिक मुआवजे, मरीजों की सुरक्षा के निर्देशों, शल्य चिकित्सा के दिशा निर्देशों, इत्यादि की माँग की गई?
(1) एबीसी बनाम राज्य (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली [एनसीटी])
(2) अलिमित्र पटेल बनाम भारत संघ
(3) श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ
(4) देविका बिस्वास बनाम भारत संघ

**18.** भारत वापस आ गए किसी अनिवासी द्वारा, विदेशी मुद्रा कारोबारी बैंक में खोले गए विदेशी मुद्रा खाते को क्या कहा जाता है?
(1) मुद्रा अर्जक विदेशी मुद्रा
(2) अनिवासी भारतीय
(3) विदेशी मुद्रा अनिवासी
(4) भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ

**19.** केन्द्र सरकार ने निम्नलिखित में से किस देश से उत्पादों के आयात पर प्रतिपादन शुल्क को आगे बढ़ाया है?
(1) अफगानिस्तान (2) पाकिस्तान
(3) श्रीलंका (4) चीन

**20.** कम्प्यूटर तकनीक की पाँचवीं पीढ़ी किस पर आधारित है?
(1) ट्रांजिस्टर
(2) वैरी लार्ज स्केल इंटीग्रेशन (वीएलएसआई) माइक्रोप्रोसेसर
(3) अल्ट्रा लार्ज स्केल इंटीग्रेशन (यूएलएसआई) माइक्रोप्रोसेसर
(4) एकीकृत सर्किट

**21.** सरकारी बजट पेश करने की तारीख कौन तय करता है?
(1) केन्द्रीय मंत्रिमण्डल
(2) राष्ट्रपति
(3) वित्त मंत्री
(4) लोकसभा अध्यक्ष

**22.** चौदहवें वित्त आयोग में, राज्यों के बीच करों के आबंटन के सूत्र में वनावरण को भी जोड़ दिया गया है। ये कौन-से नाम से लोकप्रिय हैं?
(1) प्रगतिशील कवरेज सूत्र
(2) हरित हस्तांतरण सूत्र
(3) हरित प्रोत्साहन सूत्र
(4) श्वेत हस्तांतरण सूत्र

**23.** किस देश से सुभाष चंद्र बोस अंग्रेजों के खिलाफ मदद लेने गए थे?
(1) फ्रांस (2) चीन
(3) जर्मनी (4) अमेरिका

**24.** एक कौन-सा ऐसा मालवेयर है, जिसका पता लगाना मुश्किल है और इसलिए उसे हटाना भी मुश्किल होता है। कई विशेषज्ञों का कहना है कि उसे खत्म करने के लिए अपनी हार्डवेयर ड्राइव को साफ करके सब कुछ नये सिरे से इंस्टाल करें। उसे इस तरह से डिजाइन किया जाता है, जिससे जानकारी जुटाने वाला दूसरा मालवेयर आपके कम्प्यूटर की आपकी सारी संवेदनशील जानकारी जुटा ले और आपको भनक तक न लगे।

Scanned by CamScanner

(1) स्पायवेअर (2) फिशिंग
(3) रूटकिट (4) डिनायल ऑफ सर्विस

25. अधिकृत रूप से स्वतंत्रता की घोषणा करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कौन-सी तारीख को 'स्वतन्त्रता दिवस' घोषित किया था?
(1) 26 जनवरी, 1930
(2) 26 जनवरी, 1950
(3) 19 दिसम्बर, 1929
(4) 15 अगस्त, 1947

26. सामान्य मिट्टी का कार्बन-नाइट्रोजन अनुपात लगभग कितना होता है?
(1) 10:01 (2) 5:04
(3) 1:1 (4) 4:05

27. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का अध्यक्ष कौन होता है?
(1) नीति आयोग का उपाध्यक्ष
(2) प्रधानमंत्री
(3) राष्ट्रपति
(4) सबसे वरिष्ठ सेना प्रमुख

28. इनमें से भारत का कौन-सा जीवमण्डल भण्डार संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के मानव एवं जीवमण्डल कार्यक्रम पर आधारित विश्व जीवमण्डल तंत्र का हिस्सा नहीं है?
(1) नीलगिरि जीवमण्डल भण्डार
(2) सुंदरवन जीवमण्डल भण्डार
(3) मन्नार की खाड़ी जीवमण्डल भण्डार
(4) कच्छ जीवमण्डल भण्डार

29. इनमें से कौन-सा विषय संघ सूची का एक हिस्सा है?
(1) कैदियों को एक राज्य की जेल से दूसरे राज्य की जेल में भिजवाना
(2) राज्य की सुरक्षा से सम्बन्धित निवारक नजरबंदी
(3) विवाह एवं तलाक
(4) रेल सेवा

30. भारत सरकार की वह कौन-सी योजना है, जिसका उद्देश्य ऐसे बच्चों का संरक्षण करना है, जिन्हें देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता हो। उनके अलावा ऐसे किशोर जो कानून का उल्लंघन करते हैं और वो बच्चे जो कठिन परिस्थितियों में रहते हैं, उनका संरक्षण भी इस योजना का एक अंग है?
(1) राष्ट्रीय बाल संरक्षण कार्यक्रम
(2) दुर्गा वाहिनी
(3) किशोर न्याय (बाल संरक्षण एवं देख-रेख) योजना
(4) समेकित बाल संरक्षण योजना

31. निम्न में से राज्य के किस नीति निदेशक सिद्धान्त का उद्देश्य एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करना है कि जिससे लोगों की उन्नति और कल्याण हो?
A. राज्य लोगों के कल्याण के लिए एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था स्थापित करने और उसे बढ़ाने का पूरा प्रयत्न करेगा जहाँ लोगों को न्यायिक, सामाजिक और राजनैतिक सुरक्षा मिल सके, राष्ट्रीय जीवन की संस्थाओं को भी जुड़ने के लिये सूचित करेगा।
B. राज्य पूरा प्रयास करेगा कि लोगों की आय के अन्तर को कम-से-कम कर सके और उनकी स्थितियों, सुविधाओं और अवसरों के बीच की असमानताओं को दूर कर सके, न सिर्फ अलग-अलग लोगों के लिए बल्कि उन लोगों के लिए भी जो अलग-अलग इलाकों में समूहों में रहते हैं या अलग-अलग कामों से जुड़े हैं।
(1) A और B दोनों ही नहीं
(2) केवल B
(3) A और B दोनों ही
(4) केवल A

32. आय या लाभ पर लगाए कर के बजाय वस्तुओं और सेवाओं पर लगते कर को किसके रूप में जाना जाता है?
(1) अप्रत्यक्ष कर (2) कर-भार
(3) प्रत्यक्ष कर (4) करघात

33. निम्न अपराधों में से किस अपराध के लिए भारतीय दण्ड संहिता के तहत मृत्युदण्ड सम्भावित है?
A. **धारा 122 :** भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से हथियार जमा करना, लोग इत्यादि जुटाना।
B. **धारा 194 :** ऐसे झूठे सबूत गढ़ना या पेश करना जिससे किसी व्यक्ति को मृत्युदण्ड हो सके (जिनकी वजह से किसी निर्दोष व्यक्ति को अपराधी ठहरा कर उसे मृत्युदण्ड दे दिया जाए)।
(1) केवल A
(2) A और B, दोनों ही नहीं
(3) केवल B (4) A और B दोनों

34. वित्तीय वर्ष 2015-16 का निर्धारण वर्ष निम्न में से कौन-सा है?
(1) निर्धारण वर्ष 2016-17
(2) निर्धारण वर्ष 2014-15
(3) निर्धारण वर्ष 2015-16
(4) निर्धारण वर्ष 2017-18

35. एक अर्थव्यवस्था, यदि उत्पादन संसाधनों की कमी से जूझ रही है, तो कुल खर्च में वृद्धि के कारण क्या होगा?
(1) रोजगार और सांकेतिक आय में वृद्धि
(2) उत्पादन और कीमतों में वृद्धि
(3) सांकेतिक आय और कीमतों में वृद्धि
(4) उत्पादन और रोजगार में वृद्धि

36. 30 नवम्बर, 2017 को, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कौन थे?
(1) कोसाराजु वीरैया चौधरी
(2) अनिल कुमार सिन्हा
(3) शशिकांत शर्मा
(4) राजीव महर्षि

37. निम्न राज्यों में से किस राज्य का भारत में जूट उत्पादन का प्रतिशत सबसे ज्यादा है?
(1) केरल (2) गुजरात
(3) बिहार (4) पश्चिम बंगाल

38. सूचना का अधिकार (संशोधन), 2013 में नीचे दिया गया कौन-सा अहम संशोधन किया गया था?
A. फाइल टिप्पणियों की जानकारी को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर रखना।
B. राजनैतिक दलों को सार्वजनिक प्राधिकरण की परिभाषा के दायरे से बाहर रखा जाए और इसलिए वे सूचना के अधिकार के अन्तर्गत भी ना आए।
(1) A और B, दोनों ही नहीं
(2) केवल A
(3) A और B दोनों
(4) केवल B

39. कौन-सी नदी हैदराबाद शहर से होकर बहती है?
(1) मूसी (2) गुरुपारा
(3) मीनाचिल (4) नेत्रवती

40. संयुक्त राष्ट्र की एक अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संधि कौन-सी है, जिसका उद्देश्य है, दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करना?
(1) एम्नेस्टी इंटरनेशल
(2) राष्ट्रीय मानव अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र पुस्तिका
(3) वैश्विक अधिकार
(4) विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संधि पत्र

## भाग-III: संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

41. 2, 3, 5, 6, 7 और 9 अंकों से कितनी 4 अंकों की संख्याएँ बन सकती हैं, जो 3 से विभाज्य हों और कोई भी अंक दोहराया नहीं गया हो?
(1) 120 (2) 720
(3) 360 (4) 144

Scanned by CamScanner

2. अगर $A=\{x3$ की एक गुणज है $\}$ और $B=\{x5$ की एक गुणज है $\}$, अगर $B-A$ एक धनात्मक पूर्णांक हैं, तो $x$ का कम-से-कम मान क्या हो सकता है?
(1) 3 (2) 5 (3) 1 (4) 2

3. 24 जनवरी, 2016 से 14 जून, 2016 के बीच कितने दिन होंगे?
(1) 142 (2) 141 (3) 143 (4) 140.

4. रघु ने 5/4 के बजाय 4/5 से एक संख्या को गुणा किया। गणना में प्रतिशत त्रुटि कितनी है?
(1) 58% (2) 36% (3) 38% (4) 42%

5. 3 किमी की एक दौड़ में $X$, $Y$ को 60 मीटर की दूरी से या 5 सेकण्ड से हरा देता है। ज्ञात करें कि $X$ द्वारा दौड़ को पूरा करने में कितना समय लगा होगा?
(1) 245 सेकण्ड (2) 445 सेकण्ड
(3) 250 सेकण्ड (4) 526 सेकण्ड

6. दो संख्याओं का योग 65 है और दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्तक क्रमशः 180 और 5 है, तो संख्याओं के व्युत्क्रम का योग ज्ञात करें।
(1) 1/27 (2) 13/180
(3) 5/28 (4) 7/17

7. तीन मिश्रण की बराबर मात्रा में पेट्रोल और मिट्टी का तेल 2 : 3, 4 : 3 और 6 : 1 के अनुपात में है। अगर तीनों को एक साथ मिलाया जाता है, तो आखिरी मिश्रण में पेट्रोल और मिट्टी का तेल किस अनुपात में होगा?
(1) 64 : 41 (2) 41 : 64
(3) 21 : 32 (4) 32 : 21

8. इन आँकड़ों के अनुमानित मध्यमान की गणना करें।
कॉलेज विद्यार्थियों का सैंपल, जिनसे रोजाना बस किराये पर किए गए खर्च के बारे में पूछा गया।

| वर्ग (व्यय राशि) | बारम्बारता (विद्यार्थी संख्या) |
|---|---|
| 1-10 | 4 |
| 11-20 | 15 |
| 21-30 | 8 |
| 31-40 | 3 |

(1) 18.8 (2) 15 (3) 16 (4) 19.5

9. एक परियोजना का काम 12 कर्मचारियों द्वारा 15 दिनों में पूरा किया जाना है। अगर तीन कर्मचारी पहले दिन से ही अनुपस्थित हैं, तो बचे हुए लोग अपने काम करने की दर में कितनी बढ़ोत्तरी करेंगे ताकि परियोजना का काम समय पर पूरा हो सके?
(1) $33\frac{1}{3}\%$ (2) $66\frac{1}{6}\%$
(3) 60% (4) 30%

10. मान लें पूर्णांक $n \geq 1$ के लिए $n! = 1\times2\times3\times\ldots\times n$ अगर $X = 8\text{^}2\times(15!+16!+17!+18!)$, जब $X$ 16! से विभाजित है, तो शेष क्या होगी?
(1) 0 (2) 15 ! (3) 1 (4) 2

11. निम्न में से दिया गया कौन-सा विकल्प 9 से विभाज्य है?
(1) 42563 (2) 12366
(3) 32458 (4) 24652

12. 75 लीटर क्षमता वाले एक कंटेनर में एक प्रवेशिका और एक निकासी नली है। अगर दोनों को एक साथ खोला जाता है, तो कंटेनर 5 मिनट में भर जाता है। किन्तु अगर निकासी नली के प्रवाह की दर दोगुनी कर दी गई है और दोनों नलियों को एक साथ खोल दिया गया है, तो कंटेनर के भरने का समय तिगुना हो जाता है।
जब केवल प्रवेशिका नली खोली गई है, तो कंटेनर को भरने में कितना समय लगेगा?
(1) 5 मिनट (2) 6 मिनट
(3) 4 मिनट (4) 3 मिनट

13. मेरी अलमारी में तीस गेंदें पूरी तरह अव्यवस्थित तरीके से रखी हैं। दस काली हैं, दस लाल हैं और दस भूरे रंग की हैं, लेकिन मैं अंधेरे में रंगों में अन्तर नहीं कर सकता। मुझे अलमारी से कितनी गेंद लेनी होंगी ताकि एक ही रंग की कम-से-कम एक जोड़ी मौजूद हो?
(1) 4 (2) 3 (3) 5 (4) 2

14. ₹7200 के मूलधन पर 9 महीने के लिए 50/3% के सालाना दर पर साधारण ब्याज ज्ञात करें।
(1) ₹900 (2) ₹1075
(3) ₹975 (4) ₹775

15. 0.6363...+ 0.3737...+ 0.8080... = ?
(1) 1.76 (2) 1.82 (3) 1.79 (4) 1.8

16. एक नाव प्रवाह के साथ 20 मिनट में 400 मीटर यात्रा करती है। नाव की गति ऊर्ध्वप्रवाह के मुकाबले प्रवाह के साथ दोगुनी है।
निम्न विकल्पों में से कौन-सी सही सम्बन्ध प्रदान करता है?
(1) स्थिर पानी में नाव की गति $= 3\times$ (प्रवाह की गति)
(2) स्थिर पानी में नाव की गति $= \frac{1}{2}\times$ (प्रवाह की गति)
(3) स्थिर पानी में नाव की गति $= 2\times$ (प्रवाह की गति)
(4) स्थिर पानी में नाव की गति $= 4\times$ (प्रवाह की गति)

17. राम ने दो बराबर रकम दो भिन्न लोगों को दी। उन्होंने पहले व्यक्ति पर 5% साधारण ब्याज दर लगाई। 5 साल के अन्त में उन्हें उनसे ब्याज के रूप में ₹1000 मिले। दूसरे व्यक्ति को उन्होंने केवल 2 साल के लिए रकम दी। वह उस पर ब्याज की कितनी दर लगाएँ ताकि इतनी ही राशि प्राप्त कर सकें जितनी उन्होंने पहले व्यक्ति से वसूली है?
(1) 12.50% (2) 10%
(3) 6% (4) 25%

18. अगर एक वस्तु की लागत मूल्य पर 20% का लाभ है, इसकी विक्रय मूल्य पर लाभ प्रतिशत गणना .........होगी।
(1) 20% (2) 25%
(3) 16.66% (4) 15%

19. दो गाड़ियाँ $A$ और $B$ अगले एक घण्टे के भीतर निर्धारित की गयी हैं। दोनों गाड़ियों के सभी यात्री हॉल में इंतजार कर रहे हैं। हॉल में बैठने की क्षमता 1500 है, जिसमें से 10% खाली रही है। प्रतीक्षारत यात्रियों में 40% महिलाएँ हैं। प्रत्येक ट्रेन में बैठने की क्षमता प्रतीक्षालय में बैठे यात्रियों की दो-तिहाई है। ट्रेन $A$ के यात्री ट्रेन में सवार हुए। ट्रेन $A$ में सवार आधे यात्री महिलाएँ हैं। बाकी यात्री ट्रेन $B$ में सवार हुए।
ट्रेन $A$ में सवार पुरुषों की संख्या और ट्रेन $B$ में सवार महिलाओं के बीच का अनुपात क्या होगा?
(1) 5:1 (2) 53:27
(3) 1:2 (4) 26:53

20. आनंद, बाबू और चंदू को ₹5625 के नकद पुरस्कार मिले। पुरस्कार की रकम को तीनों के बीच इस तरह बाँटा जाना है कि आनंद को बाबू और चंदू को एक साथ मिलने वाली राशि का 1/2 मिले और बाबू को आनंद और चंदू को एक साथ मिलने वाली राशि का 1/4 मिले।
बाबू के मुकाबले आनंद की हिस्सेदारी रुपये में कितनी अधिक होगी?
(1) ₹750 (2) ₹860
(3) ₹840 (4) ₹740

21. निम्न दिए गए विकल्प में से कौन-सा पुनरावृत्ति और आवर्ती दशमलव है?
(1) 3/10 (2) 13/8
(3) 137/25 (4) 3/11

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 22-24) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए, जहाँ हर व्यक्ति को वास्तव में एक अलग पकवान मिलता है और उसके बाद दिए गए सवाल का जवाब दें

(1) राजू को सूप नहीं मिलेगा जब तक कि बाबू को गर्म कॉफी नहीं मिलेगी।

Scanned by CamScanner

2. जॉन को चॉकलेट्स नहीं मिलेंगी जब तक कि डेविड को सूप नहीं मिलेगा।
3. डेविड को चाय नहीं मिलेगी जब तक कि जॉन को सूप नहीं मिलेगा।
4. बाबू को चॉकलेट्स नहीं मिलेंगी जब तक कि राजू को गर्म कॉफी नहीं मिलेगी।
5. बाबू को गर्म कॉफी नहीं मिलेगी जब तक कि डेविड को चॉकलेट्स नहीं मिलेंगी।
6. जॉन को गर्म कॉफी नहीं मिलेगी जब तक कि राजू को चाय नहीं मिलेगी।
7. जॉन को चाय नहीं मिलेगी जब तक कि राजू को गर्म कॉफी नहीं मिलेगी।
8. राजू को गर्म कॉफी नहीं मिलेगी जब तक कि जॉन को सूप नहीं मिलेगा।
9. डेविड को चॉकलेट्स नहीं मिलेंगी जब तक कि राजू को गर्म कॉफी नहीं मिलेगी।
10. बाबू को चाय नहीं मिलेगी जब तक कि राजू को चॉकलेट्स नहीं मिलेंगी।
11. जॉन को सूप नहीं मिलेगा जब तक कि राजू को चॉकलेट्स नहीं मिलेंगी।

**22.** किसे चॉकलेट्स मिले?
(1) राजू (2) जॉन (3) बाबू (4) डेविड

**23.** किसे गर्म कॉफी मिली?
(1) डेविड (2) जॉन
(3) राजू (4) बाबू

**24.** बाबू को क्या मिला?
(1) चाय (2) चॉकलेट्स
(3) सूप (4) गर्म कॉफी

**25.** गीता एक 30 मीटर चौड़ा, 40 मीटर लम्बा और 20 मीटर गहरा आयताकार कुआँ खोदना चाहती है, जिसका खुला सिरा जमीन पर रहेगा। वह अन्दर से निकली मिट्टी से कुएं के चारों ओर 1 मीटर समान चौड़ाई और जमीन से 0.5 मीटर ऊँची दीवार बनाना चाहती है।
दीवार बनने के बाद कितनी अतिरिक्त मिट्टी बची हुई है?
(1) 22078 घन मीटर
(2) 24928 घन मीटर
(3) 23928 घन मीटर
(4) 2032 घन मीटर

**26.** बसप्पा गायों और मुर्गियों की निश्चित संख्या के साथ एक छोटी-सी झोपड़ी में रहते हैं। अगर सिरों की कुल संख्या 12 है और पैरों की कुल संख्या 40 है, तो मुर्गियों की संख्या ज्ञात करें।
(1) 2 (2) 6 (3) 8 (4) 4

**27.** लगातार 15 दिनों के काम के लिए एक कर्मचारी की औसत मजदूरी ₹80 प्रतिदिन थी। पहले 7 दिनों के दौरान, उसकी औसत मजदूरी ₹63 प्रतिदिन थी और आखिर के 7 दिनों के दौरान, औसत मजदूरी ₹ 99 प्रतिदिन थी। पहले 8 दिनों की औसत क्या रही होगी?
(1) ₹63.29 (2) ₹63.37
(3) ₹63.8 (4) ₹63.15

**28.** एक एक्सप्रेस ट्रेन 90 मिनट में एक निश्चित दूरी तय करती है, अगर यह औसतन 48 किमी प्रति घण्टा की रफ्तार से चलती है। सफर के समय को कम कर 40 मिनट तक लाने के लिए ट्रेन को किस रफ्तार से दौड़ाना होगा?
(1) 98 किलोमीटर प्रति घण्टा
(2) 100 किलोमीटर प्रति घण्टा
(3) 90 किलोमीटर प्रति घण्टा
(4) 108 किलोमीटर प्रति घण्टा

**29.** दो स्टेशन $A$ और $B$ 138 किमी दूर हैं। एक ट्रेन सुबह 7:15 बजे $A$ से शुरू होती है और $B$ की ओर 24 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से जाती है। एक अन्य ट्रेन सुबह 8 बजे $B$ से शुरू होती है और $A$ की ओर 36 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलती है। वे किस समय मिलीं?
(1) 10:00 बजे सुबह
(2) 10:15 बजे सुबह
(3) 9:00 बजे सुबह
(4) 9:15 बजे सुबह

**30.** $1296 \div (24 \times 0.75) = ?$ का मान पता करें।
(1) 72 (2) 82 (3) 64 (4) 122

**31.** विनोद एक वस्तु को 45% के लाभ पर आकाश को बेचता है और फिर आकाश उसे 10% घाटे में संजय को बेचता है। परिणामी लाभ या घाटा कितना होगा?
(1) 21.19% लाभ (2) 30.5% लाभ
(3) 32.23% हानि (4) 25.6% हानि

**32.** एक व्यापारी अपने माल को लागत मूल्य से 25 प्रतिशत अधिक पर अंकित करता है। यदि वह अंकित मूल्य को $12\frac{1}{2}$% कम कर देता है, तो उसको कितना लाभ होगा?
(1) $9\frac{3}{8}$% (2) $7\frac{3}{5}$%
(3) $6\frac{3}{8}$% (4) $5\frac{1}{3}$%

**33.** राम ने चॉकलेट्स खरीदीं और उन्हें अपने बच्चों के बीच समान रूप से बाँटना चाहता था। अगर वह हर एक को 15 चॉकलेट देता है, तो 2 बच जाती हैं और अगर हर एक को 16 चॉकलेट देता है, 2 चॉकलेट कम पड़ जाती हैं। राम ने कम-से-कम कितनी चॉकलेट खरीदी होंगी?
(1) 62 (2) 28 (3) 32 (4) 58

**34.** $497 + 7 \times 104 \div 13 + \sqrt{38.44} + \sqrt[3]{29.261} = ?$ का आकलन करें।
(1) 564.3 (2) 575.6
(3) 577.28 (4) 574.2

**35.** अगर 12 लड़कियाँ एक निश्चित काम का 30% 15 दिनों में करती हैं और 20 लड़के उसी काम का 60% 16 दिनों में करते हैं, फिर 8 लड़के और 18 लड़कियाँ वह काम एक साथ कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?
(1) 24.4 दिन (2) 22.2 दिन
(3) 23.3 दिन (4) 21.1 दिन

**36.** एक रसायन कम्पनी में दो प्रकार के मिश्रधातु हैं और उनमें जस्ता और एल्युमीनियम क्रमशः 7:22 और 21:37 के अनुपात में हैं। इन मिश्रधातुओं को किस अनुपात में मिलाया जाए ताकि एक नई मिश्रधातु बने जिसमें जस्ता और एल्युमीनियम का अनुपात 25:62 में हो?
(1) 9:2 (2) 17:6
(3) 8:51 (4) 13:8

**37.** एक नियमित बहुभुज के आन्तरिक कोण और बाहरी कोण के बीच का अन्तर 108° है। उसका बाहरी कोण कितना होगा?
(1) 36° (2) 72° (3) 144° (4) 108°

**38.** अगर जनवरी 2016 का चौथा दिन सोमवार है, तो अगस्त महीने का दूसरा सोमवार किस तारीख को पड़ेगा?
(1) 10 अगस्त (2) 9 अगस्त
(3) 8 अगस्त (4) 15 अगस्त

**39.** दीपिका ₹10, ₹20 और ₹40 प्रति लीटर के हिसाब से लगातार तीन साल दूध खरीदती है। वह हर वर्ष अगर ₹8000 खर्च करती है, तो दूध की औसत लागत प्रति लीटर कितनी होगी?
(1) ₹21 (2) ₹17.14
(3) ₹24.17 (4) ₹30

**40.** एक संख्या का 50% दूसरी संख्या के 40% से 1 अधिक है। अगर मूल संख्याओं के बीच का अन्तर 10 है, तो दोनों संख्याओं के योग का मान क्या होगा?
(1) 210 (2) 100 (3) 110 (4) 70

## भाग-IV: मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण

**1.** दीपा 5 किमी पूर्व की तरफ चली, फिर दायें मुड़ गयी और 3 किमी चली। फिर वो बाएं मुड़ी और 4 किमी चली। अंत में, वो बाएं मुड़ी और 3 किमी चली। शुरुआती बिन्दु के सन्दर्भ में दीपा किस दिशा में है?
(1) उत्तर (2) पूर्व
(3) दक्षिण (4) पश्चिम

Scanned by CamScanner

2. दिए गए विकल्पों से असंगत अक्षर का पता लगाएँ

E, G, K, M, P, S

(1) K (2) Q
(3) E (4) P

3. नीचे दिए गए सवाल में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है उनमें से कौन-सा/से पूर्वानुमान तार्किक रूप से किसी भी सन्देह से परे कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन :**

रेल सेवा की आवृत्ति में व्यस्त घण्टों के दौरान वृद्धि की जानी चाहिए।

**पूर्वानुमान :**

I. रेलवे अधिकारियों को यात्रियों की सुरक्षा के सम्बन्ध में उचित कदम उठाने चाहिए।

II. अधिक समस्याएँ होंगी क्योंकि कार्यालय समय के दौरान चलाई जा रही ट्रेनों की संख्या कम होती है।

(1) दोनों पूर्वानुमान I और II अंतर्निहित हैं
(2) केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित हैं
(3) केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित है
(4) ना पूर्वानुमान I और ना II अंतर्निहित है

4. निम्नलिखित संख्या शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7, 8, 16, 43, ?

(1) 107 (2) 127 (3) 87 (4) 117

5. एक निश्चित कूट भाषा में 'OPERAT' को 'RQTGVC' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'DIRECT' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) KFRTEV (2) KFGTVE
(3) KGRTVE (4) GKRTVE

6. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और जवाब दें निम्नलिखित में कौन-सा/से तर्क मजबूत है/हैं?

**कथन :**

क्या भारत को केवल परमाणु ऊर्जा पर भरोसा करना चाहिए?

**तर्क :**

I. हाँ, बिजली की माँग को मौजूदा संसाधनों के साथ पूरा नहीं किया जा सकता है।

II. नहीं, अगर कोई दुर्घटना होती है, तो भारी नुकसान हो जाएगा।

(1) दोनों तर्क I और तर्क II मजबूत हैं
(2) केवल तर्क II मजबूत है
(3) केवल तर्क I मजबूत है
(4) ना तर्क I ना तर्क II मजबूत है

7. हेमा की ओर इशारा करते हुए ललिता ने कहा "उसका पति मेरे दादा/नाना की इकलौती सन्तान का इकलौता बेटा है। ललिता का हेमा से क्या रिश्ता है?

(1) भाभी (2) माँ
(3) बेटी (4) बहन

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 8-10) निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और नीचे दिए गए सवाल का जवाब दें।

एक संस्था द्वारा कॉलेज के प्रिंसिपल के चयन के लिए निम्न मानदण्ड हैं; उसे/उसके पास

I. किसी भी विषय में पीएचडी पूरी की होनी चाहिए।

II. एक संस्था में प्रधानाचार्य के रूप में कम-से-कम 8 साल का काम का अनुभव होना चाहिए।

III. 1 अक्टूबर, 2016 को 45 साल से कम और 65 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

IV. कुल में 60% अंक के साथ स्नातकोत्तर और स्नातक की पढ़ाई पूरी की होनी चाहिए।

हालाँकि, यदि एक उम्मीदवार सभी उपरोक्त मानदण्डों को पूरा करता है, सिवाय

A. (i). ऊपर, लेकिन अगर उसके पास 15 से अधिक वर्षों का कार्य अनुभव है, तो उसके मामले को संस्था के डीन के पास भेजा जाएगा।

B. (ii) ऊपर, लेकिन अगर उसके पास प्रशासन विभाग की जानकारी है, तो उसके मामले को संस्था के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।

8. उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?

संदीप सिंह ने क्रमशः कुल में 70% और 65% अंकों के साथ स्नातकोत्तर और स्नातक की डिग्री को पूरा कर लिया है। उन्हें प्रधानाचार्य के रूप में 16 साल का अनुभव है। उनके पास पीएचडी की डिग्री नहीं है, वो 59 साल के हैं।

(1) दी गयी जानकारी अपर्याप्त है
(2) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा
(3) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा
(4) उम्मीदवार का प्रधानाचार्य के रूप में चयन किया जाना है

9. उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?

शिव रामकृष्णन ने गणित में पीएचडी की है और शिक्षण में 16 वर्ष का अनुभव है और अभी वह प्रतिष्ठित संस्था में प्रधानाचार्य हैं। उन्होंने कुल में क्रमशः 60% और 63% अंकों के साथ स्नातकोत्तर और स्नातक की पढ़ाई की है। वह 56 साल के हैं।

(1) दी गयी जानकारी अपर्याप्त है
(2) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा
(3) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा
(4) उम्मीदवार का प्रधानाचार्य के रूप में चयन किया जाना है

10. उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?

नर्सीमन ने पीएचडी पूरी कर ली है, वह 46 साल का है और उसे प्रधानाचार्य के रूप में 10 वर्षों का अनुभव है।

(1) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा
(2) उम्मीदवार का प्रधानाचार्य के रूप में चयन किया जाना है
(3) दी गयी जानकारी अपर्याप्त है
(4) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा

11. दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष संख्या का चयन करें जो पहली जोड़ी के सम्बन्ध का अनुसरण करते हुए प्रश्न चिह्न (?) की जगह लेगी

1245 : 3467 : : 1726 : ?

(1) 3498 (2) 3958
(3) 3948 (4) 3849

12. निम्नलिखित प्रश्न में, दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। निष्कर्ष पढ़ें और तय करें कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन :**

कुछ कॉलेज विश्वविद्यालय हैं।

सभी कॉलेज संस्थान हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ संस्थान विश्वविद्यालय हैं।


II. हर विश्वविद्यालय एक संस्थान है।


(1) केवल I अनुसरण करता है
(2) ना I और ना II अनुसरण करते हैं
(3) दोनों I और II अनुसरण करते हैं
(4) केवल II अनुसरण करता है

Scanned by CamScanner

13. रमा ने अपने घर से चलना शुरू किया और पूर्व की तरफ 5 किमी चली। फिर, वो बाएँ मुड़ी और 3 किमी चली, फिर वो लगातार दो बार बाएँ मुड़ी। अब वो किस दिशा में जा रही है?
(1) दक्षिण (2) पश्चिम
(3) उत्तर-पूर्व (4) उत्तर

14. उस विकल्प का चयन करें जिसमें प्रश्न चित्र छिपा/अंत:स्थापित है





(1) (2) (3) (4)

15. निम्नलिखित प्रश्न में दो कथनों के बाद निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। निष्कर्ष पढ़ें और तय करें कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन :**

कुछ समूह टीम नहीं हैं।


सभी गिरोह टीमें हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ टीमें समूह नहीं हैं।
II. कुछ गिरोह टीमें हैं।
(1) ना I और ना II अनुसरण करते हैं
(2) केवल II अनुसरण करता है
(3) दोनों I और II अनुसरण करते हैं
(4) केवल I अनुसरण करता है

16. निम्न में से कौन-सा आरेख निम्नलिखित के बीच सम्बन्ध को दर्शाता है?

पशु, घोड़ा, घोड़ी



(1) (2) (3) (4)

17. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए अन्य विकल्पों से भिन्न है

पहले, पश्चात, पिछला, अतीत
(1) पहले (2) अतीत
(3) पिछला (4) पश्चात्

18. दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष अक्षर समूह का चयन करें जो पहली जोड़ी के सम्बन्ध का अनुसरण करते हुए प्रश्न चिह्न (?) की जगह लेगा

EGH : IJK : : NPQ : ?
(1) RTU (2) RST
(3) PRS (4) RSU

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 19-21) निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और दिए गए सवाल का जवाब दें।

निम्नलिखित इनपुट और उसके पुनर्विन्यास का एक उदाहरण है।

**इनपुट :** 564 567 123 804 190 928
**चरण I:** 928 564 567 123 804 190
**चरण II:** 928 567 564 123 804 190
**चरण III:** 928 567 564 804 123 190
**चरण IV:** 928 567 564 804 190 123

चरण IV ऊपर वर्णित इनपुट के पुनर्विन्यास का अंतिम चरण है।

19. उपरोक्त चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के लिए निम्न में से कौन-सा चरण "987 546 345 312 342 326" होगा?

**इनपुट :** 312 546 987 345 342 326
(1) III (2) II (3) IV (4) I

20. उपरोक्त चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट से अंतिम आउटपुट पाने के लिए कितने चरण आवश्यक होंगे?

**इनपुट :** 312 546 987 345 342 326
(1) VI (2) VII (3) IV (4) V

21. उपरोक्त चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, यदि एक इनपुट का दूसरा चरण "987 546 312 345 342 326" है, तो 4 का चरण क्या होगा?
(1) 987 546 345 342 326 312
(2) 987 546 342 345 326 312
(3) 987 546 345 342 312 326
(4) 987 546 326 345 342 312

22. निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

?, Q, U, Z, F, M
(1) M (2) N (3) P (4) L

23. रमेश 20 किमी पश्चिम की तरफ चला, फिर दक्षिण की तरफ मुड़ गया और 20 किमी चला और फिर पूर्व की तरफ मुड़ा और 20 किमी चला। वो अब शुरुआती बिन्दु से कितनी दूर है?
(1) 80 किमी (2) 40 किमी
(3) 60 किमी (4) 20 किमी

24. नीचे दिए गए सवाल में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है उनमें से कौन-सा/से पूर्वानुमान तार्किक रूप से किसी भी सन्देह से परे कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता है/करते हैं।


**कथन :**

यात्री समय की बचत करते हैं, जब वे कतार से बचने के द्वारा रेलवे टिकट ऑनलाइन खरीदते हैं।

**पूर्वानुमान :**

I. आधुनिक प्रौद्योगिकियाँ लोगों को बड़ी राहत प्रदान करती हैं।
II. समय आज एक बहुमूल्य संसाधन है और बर्बाद नहीं किया जा सकता।
(1) ना पूर्वानुमान I और ना II अंतर्निहित हैं
(2) दोनों पूर्वानुमान I और II अंतर्निहित हैं
(3) केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है
(4) केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित है

25. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए अन्य विकल्पों से भिन्न है।



(1) (2) (3) (4)

26. निम्नलिखित कथन को पढ़ें और जवाब दें निम्नलिखित में कौन-सा/से तर्क मजबूत है/हैं?

**कथन :**

क्या ग्रामीण प्रशासन में पंचायती राज व्यवस्था को जारी रखा जाना चाहिए?


**तर्क :**

I. हाँ, इसने अतीत में कई साल ग्रामीण लोगों के लिए अच्छा काम किया है।
II. नहीं, बेईमान लोग प्रणाली में आते हैं और योग्य लोगों की सम्भावना को खत्म कर देते हैं।
(1) ना तर्क I ना तर्क II मजबूत है
(2) केवल तर्क II मजबूत है
(3) केवल तर्क I मजबूत है
(4) दोनों तर्क I और II मजबूत हैं


27. दिए गए विकल्पों में से, उस शब्द का चयन करें जो निम्न वर्णित शब्द के अक्षरों का उपयोग कर नहीं बनाया जा सकता

ELECTROPHORESIS
(1) Hosier (2) Tropic
(3) Crisis (4) Serpolet

28. उस विकल्प का चयन करें जिसमें प्रश्न चित्र छिपा/अंत:स्थापित है



Scanned by CamScanner



(1) (2) (3) (4)

**29.** एक लड़के की ओर इशारा करते हुए नरेन ने कहा "वो मेरे ससुर के इकलौते बेटे का भाँजा है।" लड़के का नरेन से क्या रिश्ता है?
(1) बेटा (2) चाची (3) मामा (4) जीजा

**30.** दिए गए विकल्पों में से, उस शब्द का चयन करें जो निम्न वर्णित शब्द के अक्षरों का उपयोग कर नहीं बनाया जा सकता

ACHROMATIZATION

(1) Acromion (2) Matriarch
(3) Hoactzin (4) Aromatic

**31.** उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए अन्य विकल्पों से भिन्न है

एशिया, अंटार्कटिका, ऑस्ट्रेलिया, थाईलैंड

(1) एशिया (2) ऑस्ट्रेलिया
(3) अंटार्कटिका (4) थाइलैंड

**32.** एक निश्चित कूट भाषा में 'CRIME' को 'TEJGO' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'BEANS' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) GDBUP (2) GDBPU
(3) GBDUP (4) GBPDU

**33.** एक निश्चित कूट भाषा में 'DICTATE' को 'EJDUBUF' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'NATION' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) OBUJPO (2) OBGRHO
(3) TBHJIT (4) UTROVU

**34.** A बेटी है H की, जिसका पति X है। X की केवल एक ही सन्तान है। M विवाहित है A से। M का A से क्या सम्बन्ध है?
(1) भाई (2) पति (3) पत्नी (4) बहन

**35.** नीचे सवाल में दो कथन I और II हैं। तय करें क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और अपना जवाब दें।

**सवाल:** पाँच परीक्षाओं अर्थशास्त्र, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित और प्राणी विज्ञान को सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को आयोजित किया जाता है, लेकिन जरूरी नहीं कि उसी क्रम में। किस परीक्षा को बुधवार को आयोजित किया गया था?

I. अर्थशास्त्र प्राणी विज्ञान से पहले है। केवल एक ही परीक्षा को रसायन विज्ञान और प्राणी विज्ञान के बीच आयोजित किया जाता है।

II. भौतिकी के बाद है रसायन विज्ञान, जो शुक्रवार को निर्धारित नहीं है।

(1) कथन II में उपलब्ध तथ्य अकेले ही सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(2) दोनों कथनों I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(3) कथन I में उपलब्ध तथ्य अकेले ही सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(4) दोनों कथनों I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

**36.** नीचे सवाल में दो कथन I और II हैं। तय करें क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और अपना जवाब दें।


**सवाल** : P, Q, R और S सभी बारी-बारी अलग-अलग दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार को एक ही रेस्तरां जाते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि उसी क्रम में। 'Q' किस दिन पर जाता है?

I. P मंगलवार और बुधवार को नहीं जाता है। S गुरुवार को जाता है।

II. Q उस दिन नहीं जाता है जिसमें सात अक्षर हैं।

(1) दोनों कथनों I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(2) दोनों कथनों I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(3) कथन I में उपलब्ध तथ्य अकेले ही सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(4) कथन II में उपलब्ध तथ्य अकेले ही सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

**37.** उस विकल्प का चयन करें जिसमें प्रश्न चित्र/अंत:स्थापित है



(1) (2) (3) (4)


**38.** दिए गए विकल्पों में से असंगत अक्षर युग्म का पता लगाएँ

AB : ZY, CD : XW, EF : UV, GH : TS

(1) CD : XW (2) GH : TS
(3) AB : ZY (4) EF : UV

**39.** निम्न में से कौन-सा आरेख निम्नलिखित के बीच सम्बन्ध को दर्शाता है?

पिता, माता, कवयित्री



(1) (2) (3) (4)

**40.** नीचे सवाल में दो कथन I और II हैं। तय करें क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और दिए गए विकल्पों से जवाब का चयन करें।

**सवाल :** FORGET शब्द को संकेत लिपि में कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

I. 'CIRCLE' 'BHQBKD' के रूप में कूटबद्ध है।

II. 'BEAUTY' 'YTAUEB' के रूप में कूटबद्ध है।

(1) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(2) कथन II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(3) कथन I में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(4) केवल कथन I या केवल कथन II में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

# उत्तरमाला

## ➤ भाग-I: सामान्य हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (1) | 3. (4) | 4. (1) | 5. (4) | 6. (2) | 7. (3) | 8. (1) | 9. (3) | 10. (2) |
| 11. (3) | 12. (3) | 13. (2) | 14. (3) | 15. (4) | 16. (1) | 17. (3) | 18. (2) | 19. (4) | 20. (4) |
| 21. (1) | 22. (1) | 23. (1) | 24. (4) | 25. (1) | 26. (4) | 27. (2) | 28. (1) | 29. (4) | 30. (3) |
| 31. (1) | 32. (3) | 33. (4) | 34. (1) | 35. (1) | 36. (1) | 37. (1) | 38. (4) | 39. (4) | 40. (2) |

Scanned by CamScanner

**भाग-II: मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (3) | 3. (4) | 4. (4) | 5. (3) | 6. (2) | 7. (4) | 8. (4) | 9. (1) | 10. (2) |
| 11. (4) | 12. (1) | 13. (4) | 14. (1) | 15. (2) | 16. (3) | 17. (4) | 18. (1) | 19. (4) | 20. (3) |
| 21. (2) | 22. (2) | 23. (3) | 24. (3) | 25. (1) | 26. (1) | 27. (2) | 28. (4) | 29. (4) | 30. (4) |
| 31. (3) | 32. (2) | 33. (3) | 34. (1) | 35. (3) | 36. (4) | 37. (4) | 38. (4) | 39. (1) | 40. (4) |

**भाग-III: संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (4) | 2. (3) | 3. (2) | 4. (2) | 5. (1) | 6. (2) | 7. (1) | 8. (1) | 9. (1) | 10. (1) |
| 11. (2) | 12. (4) | 13. (1) | 14. (1) | 15. (2) | 16. (1) | 17. (1) | 18. (3) | 19. (1) | 20. (1) |
| 21. (4) | 22. (1) | 23. (1) | 24. (1) | 25. (3) | 26. (4) | 27. (2) | 28. (4) | 29. (1) | 30. (1) |
| 31. (2) | 32. (1) | 33. (1) | 34. (3) | 35. (2) | 36. (4) | 37. (1) | 38. (3) | 39. (2) | 40. (3) |

**भाग-IV: मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (4) | 3. (4) | 4. (1) | 5. (2) | 6. (4) | 7. (1) | 8. (3) | 9. (1) | 10. (3) |
| 11. (3) | 12. (1) | 13. (1) | 14. (1) | 15. (2) | 16. (1) | 17. (4) | 18. (2) | 19. (1) | 20. (4) |
| 21. (3) | 22. (2) | 23. (4) | 24. (2) | 25. (1) | 26. (3) | 27. (3) | 28. (4) | 29. (1) | 30. (2) |
| 31. (4) | 32. (1) | 33. (1) | 34. (2) | 35. (2) | 36. (1) | 37. (1) | 38. (4) | 39. (1) | 40. (4) |

# संकेत एवं हल

## भाग-I: सामान्य हिन्दी

1. (2) 'अप्रतिम' शब्द का अर्थ 'बेजोड़' है।

2. (1) धन के लालच में आज भी कुछ लोग जयचंद बन जाते हैं।

3. (4) 'मोह' शब्द में गुणवाचक विशेषण है। जिस शब्द में संज्ञा या सर्वनाम के गुण, रूप, रंग आदि का बोध होता है, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

4. (1) "आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार। राणा ने देखा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।।"—इन पंक्तियों में अतिश्योक्ति अलंकार है। किसी बात या कथन को बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत करना अतिश्योक्ति अलंकार कहलाता है।

5. (4) 'मुर्दनी' शब्द का विपरीतार्थक शब्द 'जीवंतता है।

6. (2) प्रस्तुत पंक्तियों में प्रश्न अलंकार है।

7. (3) शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा— बगीचे की सुन्दरता अनूठी है।

8. (1) हिन्दी गद्य का सर्वप्रथम युग भारतेन्दु युग को माना जाता है। जिस समय खड़ी बोली गद्य अपने प्रारम्भिक रूप में थी, उस समय भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने साहित्य के क्षेत्र में प्रवेश किया। इस काल में हिन्दी के प्रचार में जिन पत्र-पत्रिकाओं ने योगदान दिया, उनमें उदन्त मार्तण्ड, कवि वचन सुधा, हरिश्चन्द्र मैगजीन अग्रणी हैं।

9. (3) 'पंच परमेश्वर' के लेखक मुशी प्रेमचंद हैं। प्रेमचंद ने संग्राम (1923), कर्बला (1924) और प्रेम की वेदी (1933) नाटकों की रचना की थी।

10. (2) 'प्रति' का बहुवचन 'प्रतियाँ' है।

11. (3) व्याकरण की दृष्टि से सही वाक्य है- आकाशवाणी से यह समाचार प्रसारित किया गया

12. (3) "बिल्ली के गले में घण्टी बाँधना" मुहावरे का अर्थ है—अपने को संकट में डालना।

13. (2) "जमीन आसमान एक करना" मुहावरे का अर्थ है—घोर प्रयत्न करना।

14. (3) पुरानी हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी के मिश्रण से उत्पन्न हुई भाषा हिन्दुस्तानी है। ये हिन्द यूरोपीय भाषा परिवार की हिन्द आर्य शाखा में आती है। ये देवनागरी, फारसी, अरबी किसी भी लिपि में लिखी जा सकती है।

15. (4) "पीपर पात सरिस मन डोला" में 'मन' उपमेय है।

16. (1) शुद्ध वाक्य है—नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व किया।

17. (3) शुद्ध वाक्य है—यद्यपि वह बीमार था; तथापि वह मेला गया।

18. (2) शुद्ध वाक्य है—तेनालीराम ने कहीं सुना था, कि एक दुष्ट आदमी साधु का भेष बनाकर लोगों को अपने जाल में फँसा लेता है।

19. (4) कामायनी के रचनाकार जयशंकर प्रसाद हैं। जयशंकर प्रसाद हिन्दी कवि, नाटककार, उपन्यासकार तथा निबन्धकार थे। वह हिन्दी के छायावादी युग के चार स्तम्भों में से एक थे।

20. (4) प्रदत्त गद्यांश का मूल तत्व "उपभोक्ताओं को विज्ञापन छल और फरेब से अवगत कराना है।"

21. (1) सामाजिक और आर्थिक दुर्बलताओं का मुख्यत: उपयोग उत्पादन की अत्यधिक बिक्री करने के लिए किया जा रहा है।

22. (1) प्रस्तुत गद्यांश का शीर्षक 'सांस्कृतिक अस्मिता और विज्ञापन' हो सकता है।

23. (1) जो शब्द क्रिया की विशेषता बताए उसे क्रिया विशेषण कहते हैं;
जैसे—वह *धीरे-धीरे* चलता है, इस वाक्य में चलता क्रिया है और 'धीरे-धीरे' उसकी विशेषता।

24. (4) वर्ष 2006 में सार्क लिटरेरी अवार्ड और वर्ष 2003 में सरोजिनी नायडू पुरस्कार से पुरस्कृत होने वाली महिला मैत्रयी पुष्पा हैं। मैत्रयी पुष्पा एक हिन्दी कथा लेखक हैं। मैत्रयी पुष्पा को हिन्दी अकादमी दिल्ली का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया था।

25. (1) 'मखाना' का समानार्थी शब्द है—तालमखाना।

26. (4) "कूप मंडूक होना" मुहावरे का अर्थ है— अत्यन्त सीमित ज्ञान होना।

27. (2) सही वाक्य होगा—आधुनिक परिवार का एक हिस्सा बनकर जिंदगी मानसिक तनाव से गुजर रही है।

28. (1) 'देव' का बहुवचन है—देवगण।

29. (4) 'सतर्कता' शब्द का समानार्थी शब्द है—मुस्तैदी।

30. (3) सही वाक्य होगा—कन्या की *हत्या* के आरोप में उन्हें आजीवन जेल हुई।

31. (1) दिए गए वाक्य में 'विस्मयादिबोधक' चिह्न (!) का प्रयोग करेंगे।

Scanned by CamScanner

**32.** (3) 'हल्दी घाटी' के रचनाकार श्यामनारायण पाण्डे हैं। श्याम नारायण पाण्डे (1907-1991) वीर रस के सुविख्यात हिन्दी कवि थे।

**33.** (4) मंत्र वह ध्वनि है, जो अक्षरों एवं शब्दों के समूह से बनती है।

**34.** (1) ये चारों अक्सर आपस में वैज्ञानिक विषयों पर चर्चा करते रहते हैं।

**35.** (1) व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं।

**36.** (1) विशेष्य से संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता प्रकट होती है।

**37.** (1) 'छिछला' शब्द का विलोम 'गहरा' होता है।

**38.** (4) "प्रियतम को समझ पा कामिनी
न जा सकी न ठहर सकी।"—इस
वाक्य में विरोधाभास अलंकार है।

**39.** (4) "काठ का उल्लू" मुहावरे का अर्थ है—मूर्ख।

**40.** (2) कार्टूनिस्ट प्राण कुमार शर्मा जिन्हें प्राण के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय कॉमिक जगत के सबसे सफल और लोकप्रिय कार्टूनिस्ट प्राण ने 1960 से कार्टून बनाने की शुरुआत की। प्राण को सबसे ज्यादा लोकप्रिय उनके पात्र चाचा चौधरी और साबू ने बनाया था।

## भाग-II: मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

**1.** (2) भारत में राष्ट्रपति के बाद उपराष्ट्रपति का पद कार्यकारिणी में दूसरा सबसे बड़ा पद होता है। उपराष्ट्रपति को पद की शपथ भारत का राष्ट्रपति दिलाता है।

**2.** (3) सरकार को जनता का पैसा खर्च करने का अधिकार राष्ट्रपति देता है। नियुक्ति सम्बन्धी अधिकार, संसद सदस्य के मनोनयन का अधिकार, अध्यादेश जारी करने का अधिकार, क्षमादान की शक्ति, राजनैतिक शक्ति आदि अधिकार राष्ट्रपति के पास होते हैं।

**3.** (4) "कदम-कदम बढ़ाए जा" सुभाषचन्द्र बोस द्वारा संगठित आजाद हिन्द फौज का तेज कदम ताल गीत था। इसके बोल सन् 1942 में कप्तान राम सिंह ने लिखे थे। आगे चलकर यह भारत में बहुत लोकप्रिय देशभक्ति का गीत बन गया।

**4.** (4) टोडरमल मुगल बादशाह अकबर के नवरत्नों में से एक थे। अकबर के समय से प्रारम्भ हुई भूमि पैमाइश का आयोजन टोडरमल के द्वारा ही किया गया था। रैयतवाड़ी भूमि राजस्व प्रणाली का संस्थापक होने का श्रेय टोडरमल को ही दिया जाता है।

**5.** (3) भारतीय रिजर्व बैंक बनाम जयंतीलाल मिस्त्री ऐतिहासिक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय रिजर्व बैंक को सूचना के अधिकार के अधिनियम के दायरे में लिया था।

**6.** (2) भारत के संविधान के अनुच्छेद 169 के अनुसार राज्य विधानपरिषद् के गठन का अधिकार संसद को है।

**7.** (4) भारत में किसी भी राज्य का गवर्नर बनने के लिए निम्न योग्यताएँ होनी चाहिए।
I. वह भारत का नागरिक होना चाहिए।
II. उसे संसद के किसी भी सदन या राज्य विधायिका का सदस्य नहीं होना चाहिए।
III. उसकी उम्र कम-से-कम पैंतीस वर्ष होनी चाहिए।

**8.** (4) रदरफोर्ड ने सोने की पन्नी पर अल्फा कणों की बौछार की तो पाया कि बहुत ही थोड़े कण (20000 में से 1) वापस उसी पथ से लौट आए अर्थात् इसके जरिए उन्होंने नाभिक के अस्तित्व को साबित किया।

**9.** (1) हर राज्य का सर्वोच्च रैंकिंग भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी वन सेवा प्रमुख होता है। भारतीय वन सेवा अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 के अन्तर्गत 1966 में अस्तित्व में आई।

**10.** (2) भारत में संविधान के अनुच्छेद 21 A के अनुसार राज्य कानून द्वारा इस प्रकार से तय करे कि छह से चौदह वर्ष आयु समूह के सभी बच्चों को वह मुफ्त शिक्षा मुहैया कराए।

**11.** (4) डाइक्लोरो-डिफेनील-ट्रिक्लेरोइथेन (डीडीटी), एल्ड्रिन, बेंजीन हेक्साक्लोराइड (बीएचसी) एक कृत्रिम कीटनाशक हैं, जबकि पैराकेट एक छोटा पक्षी है।

**12.** (1) राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है। लोकसभा निचली प्रतिनिधि सभा है। राज्यसभा के लिए चुने गए सदस्य का कार्यकाल छह वर्ष होता है। राज्यसभा में 250 सदस्य होते हैं।

**13.** (4) 30 नवम्बर, 2017 को भारतीय ई-टेल विशाल कम्पनी फ्लिपकार्ट का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कल्याण कृष्णमूर्ति थे। इससे पहले इस पद पर सचिव बंसल बने हुए थे।

**14.** (1) हड़प्पा सभ्यता में 'गढ़' स्थान में उच्चतर वर्ग के लोग बसते थे। हड़प्पावासी सुनियोजित नगरों में रहते थे और लेखन कला का विकास कर चुके थे। हड़प्पा सभ्यता के लोग कृषि और वास्तुकला के क्षेत्र में निपुण थे।

**15.** (2) राष्ट्रीय आयुष मिशन स्वास्थ्य से सम्बन्धित है। 15 सितम्बर, 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने राष्ट्रीय आयुष मिशन के शुभारम्भ को अनुमोदन (Approval) प्रदान किया। आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन की शुरुआत की गई।

**16.** (3) प्रश्न में दिए गए यातायात चिह्न का अर्थ है—आगे पुल संकरा है।

**17.** (4) देविका विश्वास बनाम भारत संघ जनहित याचिका के जरिये नसबंदी के लक्ष्य हासिल करने के लिए राज्य द्वारा की गई धाँधलियों को उजागर करने के उद्देश्य से आर्थिक मुआवजे, मरीजों की सुरक्षा के निर्देश, शल्य चिकित्सा के दिशा निर्देश इत्यादि की माँग की गई थी।

**18.** (1) भारत वापस आ गये किसी अनिवासी द्वारा, विदेशी मुद्रा कारोबारी बैंक में खोले गए विदेशी मुद्रा खाते को मुद्रा अर्जक विदेशी मुद्रा कहते हैं।

**19.** (4) केन्द्र सरकार ने चीन से उत्पादों के आयात पर प्रतिपादन शुल्क को आगे बढ़ाया है।

**20.** (3) कम्प्यूटर तकनीक की पाँचवीं पीढ़ी अल्ट्रा लार्ज स्केल इंटीग्रेशन पर आधारित है। लार्ज स्केल इंटीग्रेशन माइक्रोप्रोसेसर एक सिलिकॉन अर्धचालक माइक्रोचिप पर लाखों ट्रांजिस्टर को एकीकृत या एम्बेडिंग (Embedding) करने की प्रक्रिया है।

**21.** (2) सरकारी बजट पेश करने की तारीख राष्ट्रपति तय करता है। सरकारी बजट एक वित्तीय वर्ष में सरकारी व्ययों और इन तथ्यों को पूरा करने के साधनों का एक विवरण होता है। वित्तीय वर्ष शुरू होने के काफी पहले ही इसके बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

**22.** (2) चौदहवें वित्त आयोग में, राज्यों के बीच करों के आबंटन के सूत्र में वनावरण को भी जोड़ा गया है। यह हरित हस्तांतरण सूत्र के नाम से लोकप्रिय है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर वाई०वी० रेड्डी 14 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष बने। 14वाँ वित्त आयोग अप्रैल 2015 से 2020 तक केन्द्र और राज्यों के बीच करों के बँटवारे पर सुझाव दिया।

**23.** (3) सुभाषचंद्र बोस जापान और जर्मनी से मदद लेने गए थे। तब ब्रिटिश सरकार ने अपने गुप्तचरों को 1941 में उन्हें खत्म करने का आदेश दिया था।

**24.** (3) रूटकिट मालवेयर ऐसा है, जिसका पता लगाना मुश्किल है और उसे हटाना भी मुश्किल है।

Scanned by CamScanner

25. (1) अधिकृत रूप से स्वतन्त्रता की घोषणा करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 26 जनवरी, 1930 को स्वतन्त्रता दिवस घोषित किया था। इस दिन जवाहरलाल नेहरू ने रावी नदी के किनारे तिरंगा फहराया था। इसके बाद भारत ने 26 जनवरी, 1930 को स्वतन्त्रता दिवस के रूप में मनाया लेकिन ब्रिटिश अभी भी भारत में ही थे।

26. (1) सामान्य मिट्टी का कार्बन-नाइट्रोजन अनुपात लगभग 10:01 होता है।

27. (2) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण भारत सरकार के गृह मंत्रालय की एक एजेन्सी है, जिसका काम प्राकृतिक आपदाओं या मानव-निर्मित आपदाओं के आने पर किये जाने वाले कार्यों में समन्वय स्थापित करना तथा उनसे लड़ने के लिए क्षमता-निर्माण करना है।

28. (4) कच्छ जीवमण्डल भण्डार संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन के मानव एवं जीवमण्डल कार्यक्रम पर आधारित विश्व जीवमण्डल तंत्र का हिस्सा नहीं है।

29. (4) संघ सूची भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में वर्णित कुछ विषयों की सूची है, जिसमें दिए गए विषयों पर केवल केन्द्र सरकार कानून बना सकती है। रेल सेवा संघ सूची का एक हिस्सा है।

30. (4) समेकित बाल संरक्षण योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की एक विस्तृत योजना है, जिसका उद्देश्य देश में बच्चों के लिए एक संरक्षणकारी वातावरण तैयार करना है। यह एक केन्द्रीय रूप से प्रायोजित योजना है।

31. (3) दिए गए दोनों कथन सत्य हैं।

32. (2) आय या लाभ पर लगाए कर के बजाय वस्तुओं और सेवाओं पर लगते कर को कर-भार के रूप में जाना जाता है।

33. (3) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 194 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति के खिलाफ झूठे सबूत गढ़ कर उसे अपराधी ठहरा कर उसे मृत्युदण्ड दिलवाए, तब उस व्यक्ति के खिलाफ कठोर कारावास (आजीवन) या मृत्युदण्ड का प्रावधान है।

34. (1) वित्तीय वर्ष 2015-16 का निर्धारण वर्ष 2016-17 होगा।

35. (3) एक अर्थव्यवस्था यदि उत्पादन संसाधनों की कमी से जूझ रही है, तो कुल खर्च में वृद्धि का कारण सांकेतिक आय और कीमतों में वृद्धि है।

36. (4) 30 नवम्बर, 2017 को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक राजीव महर्षि थे। वे 1978 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

37. (4) भारत में प्रमुख जूट उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, मेघालय, नागालैण्ड, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश है।

सबसे अधिक जूट का उत्पादन पश्चिम बंगाल राज्य में होता है।

38. (4) दिया गया कथन (B) सही है।

39. (1) मूसी नदी, कृष्णा नदी की एक सहायक नदी है, जो भारत के तेलंगाना राज्य में बहती है। हैदराबाद नगर मूसी नदी के तट पर स्थित है। यह नदी शहर को पुराने तथा नए शहर में बाँटती है।

40. (4) विकलांग व्यक्तियों के अधिकार पर संधि-पत्र संयुक्त राष्ट्र की एक अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संधि है, जिसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करना है।

## भाग-III: संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

1. (4) प्रदत्त 6 संख्याएँ हैं— 2, 3, 5, 6, 7, 9

इनके अंकों का योग = 32

यहाँ पर संख्याओं के दो युग्म संभव हैं

(3, 5, 6, 7, 9) तथा (2, 3, 6, 7, 9)

∴ अभीष्ट 4 अंकों की संख्याएँ जो 3 से पूर्णतः विभाजित हों

$= 5! + 4! = 120 + 24 = 144$

2. (3) माना $A = \{3, 6, 9, 12, 15\}$

तथा $B = \{5, 10, 15, 20, 25\}$

$\therefore \quad B - A = 15$

अतः $x$ का मान कम-से-कम 1 हो सकता है।

3. (2) 24 जनवरी, 2016 से 14 जून, 2016 के बीच दिनों की संख्या

$= 7 + 29 + 31 + 30 + 31 + 13 = 141$ दिन

4. (2) प्रतिशत त्रुटि $= \frac{\text{त्रुटि}}{\text{सही मान}} \times 100$

$$= \frac{\frac{5}{4} - \frac{4}{5}}{\frac{5}{4}} \times 100 = \frac{\frac{25-16}{20}}{\frac{5}{4}} \times 100$$

$$= \frac{9}{25} \times 100 = 36\%$$

5. (1) प्रश्नानुसार,

$Y$ की चाल $= \frac{60}{5} = 12$ मी/से

$Y$ द्वारा दौड़ पूरी करने में लगा समय

$= \frac{3000}{12} = 250$ सेकण्ड

$\therefore X$ द्वारा दौड़ पूरी करने में लगा समय

$= 250 - 5 = 245$ सेकण्ड

6. (2) ∵ पहली संख्या × दूसरी संख्या

= म०स०प० × ल०स०प० $= 5 \times 180$

$= 5 \times 4 \times 5 \times 9 = (20) \times (45)$

∴ संख्याओं के व्युत्क्रम का योग

$= \frac{1}{20} + \frac{1}{45} = \frac{9+4}{180} = \frac{13}{180}$

7. (1) प्रश्नानुसार, पहले मिश्रण में पेट्रोल का अनुपात $= \frac{2}{5}$

पहले मिश्रण में मिट्टी के तेल का अनुपात $= \frac{3}{5}$

दूसरे मिश्रण में पेट्रोल का अनुपात $= \frac{4}{7}$

दूसरे मिश्रण में मिट्टी के तेल का अनुपात $= \frac{3}{7}$

तीसरे मिश्रण में पेट्रोल का अनुपात $= \frac{6}{7}$

तीसरे मिश्रण में मिट्टी के तेल का अनुपात $= \frac{1}{7}$

नए मिश्रण में पेट्रोल और मिट्टी के तेल का अनुपात $= \left(\frac{2}{5} + \frac{4}{7} + \frac{6}{7}\right) : \left(\frac{3}{5} + \frac{3}{7} + \frac{1}{7}\right)$

$$= \left(\frac{14+20+30}{35}\right) : \left(\frac{21+15+5}{35}\right)$$

$$= \frac{64}{35} : \frac{41}{35} = 64 : 41$$

अतः अभीष्ट अनुपात = 64 : 41

8. (1) प्रश्नानुसार,

| वर्ग (व्यय राशि) | मध्य राशि ($x$) | बारम्बारता ($f$) | गुणनफल ($x \times f$) |
|---|---|---|---|
| 1-10 | $\frac{1+10}{2} = 5.5$ | 4 | 22 |
| 11-20 | $\frac{11+20}{2} = 15.5$ | 15 | 232.5 |
| 21-30 | $\frac{21+30}{2} = 25.5$ | 8 | 204 |
| 31-40 | $\frac{31+40}{2} = 35.5$ | 3 | 106.5 |
| कुल | | $\Sigma f = 30$ | $\Sigma fx = 565$ |

मध्यमान $= \frac{\Sigma f x}{\Sigma f}$

$$= \frac{22 + 232.5 + 204 + 106.5}{4 + 15 + 8 + 3}$$

$$= \frac{565}{30} = 18.8$$

9. (1) प्रश्नानुसार, 12 कर्मचारियों द्वारा काम करने में लगा समय = 15 दिन

Scanned by CamScanner

∴ 9 कर्मचारियों द्वारा काम करने में लगा समय $= \frac{12\times15}{9} = 20$ दिन

अत: 9 कर्मचारियों द्वारा काम 15 दिन में समाप्त करने के लिए काम करने की दर में प्रतिशत बढ़ोत्तरी $= \frac{(20-15)}{15}\times100$

$= \frac{5}{15}\times100 = 33\frac{1}{3}\%$

**10.** (1) शेषफल $= \frac{8^2\times(15!+16!+17!+18!)}{16!}$

$= \frac{64(15!+16!+17!+18!)}{16!}$

∵ 64 को 16 से भाग देने पर शेषफल शून्य आता है।

अत: $X$ को 16! से भाग देने पर भी शेषफल शून्य ही आएगा।

अत: अभीष्ट शेषफल = शून्य

**11.** (2) संख्या 9 से पूर्णत: विभाजित तभी होगी जब इसके अंकों का योगफल भी 9 से पूर्णत: विभाजित होगा

∴ $4+2+5+6+3=20$

∵ 20, 9 से पूर्णत: विभाजित नहीं है। अत: संख्या 9 से पूर्णत: विभाजित नहीं होगी।

$1+2+3+6+6=18$

∵ 18, 9 से पूर्णत: विभाजित होती है। अत: संख्या 9 से पूर्णत: विभाजित होगी।

**12.** (4) यदि दोनों नली को एक साथ खोला जाता है, तब 1 मिनट में कंटेनर में भरा पानी

$= \frac{75}{5} = 15$ लीटर

माना प्रवेशिका नली द्वारा 1 मिनट में $a$ लीटर पानी कंटेनर में भरा जाता है तथा निकासी नली द्वारा 1 मिनट में $b$ लीटर पानी टैंक से निकाला जाता है।

प्रश्नानुसार, $a-b=15$ ...(i)

निकासी नली का प्रवाह दोगुना करने पर कंटेनर भरने में लगा समय

$=5\times3=15$ मिनट

∴ 1 मिनट में कंटेनर में भरा पानी

$= \frac{75}{15} = 5$ लीटर

प्रश्नानुसार,

$a-2b=5$ ...(ii)

समी (i) में 2 से गुणा करके समी (ii) को घटाने पर,

$2a-2b=30$

$a-2b=5$

$-\ +\ -$

$a=25$

यदि प्रवेशिका नली खोली जाए, तब कंटेनर भरने में लगा समय $= \frac{75}{25} = 3$ मिनट

**13.** (1) व्यक्ति को कम-से-कम चार गेंदें लेने पर एक जोड़ी गेंद के एक ही रंग के होने की सम्भावना है।

ये इस प्रकार हो सकते हैं—

(1 काली, 1 लाल, 2 भूरी), (1 काली, 2 लाल, 1 भूरी), (2 काली, 1 लाल, 1 भूरी)

**14.** (1) प्रश्नानुसार, मूलधन =₹7200

समय = 9 महीने $= \frac{9}{12}$ वर्ष $= \frac{3}{4}$ वर्ष

ब्याज दर $= \frac{50}{3}\%$

∵ साधारण ब्याज

$= \frac{\text{मूलधन}\times\text{दर}\times\text{समय}}{100}$

$= \frac{7200\times50\times3}{3\times100\times4} = \frac{7200}{8} =$ ₹900

**15.** (2) $?=0.6363...+0.3737...+0.8080...$

$=0.\overline{63}+0.\overline{37}+0.\overline{80}$

$= \frac{63}{99}+\frac{37}{99}+\frac{80}{99} = \frac{63+37+80}{99}$

$= \frac{180}{99} = 1.818 \approx 1.82$

**16.** (1) प्रश्नानुसार, धारा की दिशा में नाव की चाल $= \frac{400}{20} = 20$ मी/से

धारा के विपरीत नाव की चाल

$= \frac{20}{2} = 10$ मी/से

धारा का प्रवाह $= \frac{20-10}{2} = 5$ मी/से

शान्त जल में नाव की चाल

$= \frac{20+10}{2} = 15$ मी/से

अत: स्थिर पानी में नाव की चाल

$=3\times$ (प्रवाह की चाल)

**17.** (1) माना दोनों व्यक्तियों को दी राशि =₹ $x$ तथा दूसरे व्यक्ति की ब्याज दर = $R$% वार्षिक है।

प्रश्नानुसार,

∵ पहले व्यक्ति का ब्याज = दूसरे व्यक्ति का ब्याज

$\Rightarrow \frac{x\times5\times5}{100} = \frac{x\times R\times2}{100}$

∴ $R = \frac{25}{2} = 12.5\%$ वार्षिक

अत: दूसरे व्यक्ति की ब्याज दर

$=12.5\%$ वार्षिक

**18.** (3) माना वस्तु का लागत मूल्य =₹100

∴ वस्तु का विक्रय मूल्य

$=100\times\frac{120}{100} =$ ₹120

विक्रय मूल्य पर लाभ प्रतिशत

$= \frac{20}{120}\times100 = \frac{100}{6} = 16.66\%$

**19.** (1) प्रश्नानुसार, हॉल में बैठे यात्रियों की संख्या $=1500\times\frac{90}{100} = 1350$

महिलाओं की संख्या $= \frac{1350\times40}{100} = 540$

∴ पुरुषों की संख्या $=1350-540=810$

प्रत्येक ट्रेन में सवार यात्रियों की संख्या

$=1350\times\frac{2}{3} = 900$

∴ ट्रेन $A$ में सवार पुरुष यात्री = 450

ट्रेन $A$ में सवार महिला यात्री = 450

ट्रेन $B$ में सवार कुल यात्री = 450

ट्रेन $B$ में सवार कुल महिला यात्री

$=540-450=90$

ट्रेन $B$ में सवार पुरुष यात्री

$=450-90=360$

∴ अभीष्ट अनुपात $=450:90=5:1$

**20.** (1) प्रश्नानुसार, आनंद + बाबू + चंदू

$=5625$ ...(i)

बाबू + चंदू = 2 × आनंद ...(ii)

आनंद + चंदू = 4 × बाबू ...(iii)

समी (i) व (ii) से,

5625 − आनंद = 2 × आनंद

⇒ 3 × आनंद = 5625

∴ आनंद $= \frac{5625}{3} =$ ₹1875

समी (i) व (iii) से,

5625 − बाबू = 4 × बाबू

⇒ 5 × बाबू = 5625

∴ बाबू $= \frac{5625}{5} = 1125$

∴ आनंद को मिलने वाली राशि की बाबू से अधिकता $=1875-1125=$ ₹750

अत: आनंद को बाबू से ₹750 अधिक मिलते हैं।

**21.** (4) $\frac{3}{10}=0.3$; $\frac{13}{8}=1.625$

$\frac{137}{25}=5.48$; $\frac{3}{11}=0.27272727...$

$=0.\overline{27}$

अत: $\frac{3}{11}$ पुनरावृत्ति और आवर्ती दशमलव हैं।

Scanned by CamScanner

प्रश्न संख्या 22 से 24 तक के हल हेतु संकेत


| व्यक्ति/पकवान | सूप | गर्म कॉफी | चॉकलेट | चाय |
|---|---|---|---|---|
| राजू | ✗ | ✗ | ✓ | ✗ |
| जॉन | ✓ | ✗ | ✗ | ✗ |
| डेविड | ✗ | ✓ | ✗ | ✗ |
| बाबू | ✗ | ✗ | ✗ | ✓ |

22. (1) राजू को चॉकलेट्स मिले।

23. (1) डेविड को गर्म कॉफी मिली।

24. (1) बाबू को चाय मिली।

25. (3) प्रश्नानुसार,




आयताकार कुएँ से निकली मिट्टी का आयतन $= 40 \times 30 \times 20$

$= 24000$ घन मीटर

दीवार का क्षेत्रफल $= (42 \times 32) - (40 \times 30)$

$= 1344 - 1200 = 144$ वर्ग सेमी

$\therefore$ दीवार का आयतन = क्षेत्रफल $\times$ दीवार की ऊँचाई

$= 144 \times 0.5 = 72$ घन मीटर

अत: दीवार बनाने में प्रयुक्त मिट्टी का आयतन $= 72$ घन मीटर

$\therefore$ शेष मिट्टी $= 24000 - 72$

$= 23928$ घन मीटर

26. (4) माना गायों की कुल संख्या $x$ तथा मुर्गियों की कुल संख्या $y$ है।

प्रश्नानुसार,

$x + y = 12$ ...(i)

$4x + 2y = 40$ ...(ii)

समी (i) व (ii) से,

$4x + 4y = 48$ ...समी (i) $\times 4$ से

$4x + 2y = 40$

$-\quad -\quad -$ घटाने पर

$2y = 8$

$\therefore \quad y = 4$

अत: मुर्गियों की कुल संख्या $= 4$

27. (2) प्रश्नानुसार,

15 दिन की कुल मजदूरी

$= 15 \times 80 = ₹1200$

पहले 7 दिन की कुल मजदूरी

$= 7 \times 63 = ₹441$

अन्तिम 7 दिन की कुल मजदूरी

$= 7 \times 99 = ₹693$

$\therefore$ 8वें दिन की मजदूरी

$= 1200 - (441 + 693)$

$= 1200 - 1134 = ₹66$

$\therefore$ पहले आठ दिनों की औसत मजदूरी

$= \frac{441 + 66}{8} = \frac{507}{8} = ₹63.37$

28. (4) प्रश्नानुसार, ट्रेन द्वारा 90 मिनट में चली दूरी $= 48 \times \frac{90}{60} = 72$ किमी

72 किमी की दूरी ट्रेन द्वारा 40 मिनट में चलने में ट्रेन की चाल

$= \frac{72}{\frac{40}{60}} = \frac{72 \times 3}{2} = 108$ किमी/घण्टा

29. (1) प्रश्नानुसार, ट्रेन $A$ द्वारा 45 मिनट में चली दूरी $= 24 \times \frac{45}{60} = 18$ किमी

शेष दूरी $= 138 - 18 = 120$ किमी

120 किमी की दूरी ट्रेन $A$ और ट्रेन $B$ द्वारा चलने में लगा समय

$= \frac{120}{(24 + 36)} = \frac{120}{60} = 2$ घण्टे

अत: दोनों ट्रेनों के मिलने का समय

$= 8 + 2 = 10$ बजे

अत: दोनों ट्रेन सुबह 10 बजे आपस में मिलेंगी।

30. (1) $? = \frac{1296}{24 \times 0.75} = \frac{1296}{24 \times \frac{3}{4}}$

$= \frac{1296 \times 4}{72} = 72$

31. (2) माना वस्तु का लागत मूल्य $= ₹x$

$\therefore$ वस्तु का विक्रय मूल्य $= \frac{x \times 145}{100} \times \frac{90}{100}$

$= ₹1.305x$

$\therefore$ लाभ प्रतिशत $= \frac{1.305x - x}{x} \times 100$

$= \frac{0.305x}{x} \times 100$

$= 0.305 \times 100 = 30.5\%$

अत: अभीष्ट लाभ $= 30.5\%$

32. (1) माना व्यापारी का लागत मूल्य $= ₹100$

$\therefore$ अंकित मूल्य $= 100 \times \left(\frac{100 + 25}{100}\right)$

$= ₹125$

प्रश्नानुसार,

अंकित मूल्य को $12\frac{1}{2}\%$ कम करने पर,

$= 125 \times \frac{\left(100 - 12\frac{1}{2}\right)}{100}$

$= 125 \times \frac{\left(100 - \frac{25}{2}\right)}{100}$

$= 125 \times \frac{(200 - 25)}{200}$

$= 125 \times \frac{175}{200} = 109\frac{3}{8}$

अत: लाभ का प्रतिशत

$= \frac{109\frac{3}{8} - 100}{100} \times 100 = 9\frac{3}{8}\%$

33. (1) माना बच्चों की संख्या $= x$

प्रश्नानुसार, $15 \times x + 2 = 16 \times x - 2$

$\Rightarrow \quad 16x - 15x = 4$

$\therefore \quad x = 4$

$\therefore$ राम के द्वारा खरीदे गए चॉकलेट्स की संख्या $= 15 \times 4 + 2 = 60 + 2 = 62$

34. (3) $? = \frac{497}{7} \times \frac{104}{13} + \sqrt{38.44} + \sqrt[3]{29.261}$

$= 71 \times 8 + 6.2 + 3.08$

$= 568 + 6.2 + 3.08$

$= 574.2 + 3.08 = 577.28$

35. (2) प्रश्नानुसार, 12 लड़कियों को काम पूरा करने में लगा समय $= \frac{15}{30} \times 100 = 50$ दिन

$\therefore$ 18 लड़कियों को काम पूरा करने में लगा समय $= \frac{12 \times 50}{18} = \frac{100}{3}$ दिन

20 लड़कों को काम पूरा करने में लगा समय

$= \frac{16}{60} \times 100 = \frac{80}{3}$ दिन

$\therefore$ 8 लड़कों को काम पूरा करने में लगा समय

$= \frac{20}{8} \times \frac{80}{3} = \frac{200}{3}$ दिन

$\therefore$ 8 लड़कों और 18 लड़कियों को मिलकर काम पूरा करने में लगा समय

$= \frac{1}{\frac{3}{100} + \frac{3}{200}} = \frac{1}{\frac{6+3}{200}}$

$= \frac{200}{9}$ दिन $= 22.2$ दिन


36. (4) प्रश्नानुसार, पहले मिश्रण में जस्ता $= \frac{7}{29}$

दूसरे मिश्रण में जस्ता $= \frac{21}{58}$

अन्तिम मिश्रण में जस्ता $= \frac{25}{87}$

Scanned by CamScanner

मिश्रण के नियम से,




$\frac{21}{58}-\frac{25}{87}$ $\qquad$ $\frac{25}{87}-\frac{7}{29}$

$=\frac{63-50}{174}$ $\qquad$ $=\frac{50-42}{174}$

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात $=\frac{13}{174}:\frac{8}{174}=13:8$

**37.** (1) माना बहुभुज में भुजाओं की संख्या $= n$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{(n-2)180°}{n}-\frac{360°}{n}=108°$$

$$\Rightarrow \frac{180°n-360°-360°}{n}=108°$$

$$\Rightarrow 180°n-720°=108°n$$

$$\Rightarrow 72°n=720°$$

$$\therefore n=\frac{720°}{72°}=10$$

अत: बहुभुज का बाहरी कोण $=\frac{360°}{10}=36°$

**38.** (3) प्रश्नानुसार, 4 जनवरी = सोमवार

4 जनवरी से 31 जुलाई तक दिनों की संख्या

$=27+29+31+30+31+30+31$

$=209$

विषम दिन $=\frac{209}{7}=6$ दिन

$\therefore$ 31 जुलाई = सोमवार +6 = रविवार

अगस्त महीने का पहला सोमवार = 1 अगस्त

अगस्त महीने का दूसरा सोमवार

$=1+7=8$ अगस्त

**39.** (2) दूध की औसत लागत प्रति लीटर

$$=\frac{3\times8000}{\frac{8000}{10}+\frac{8000}{20}+\frac{8000}{40}}$$

$$=\frac{24000}{800+400+200}$$

$$=\frac{24000}{1400}=₹17.14$$

**40.** (3) माना एक संख्या $x$ तथा दूसरी संख्या $y$ है।

प्रश्नानुसार,

$$x\times\frac{50}{100}=y\times\frac{40}{100}+1$$

$$\Rightarrow \frac{1}{2}x=\frac{2}{5}y+1$$

$$\Rightarrow \frac{1}{2}x-\frac{2}{5}y=1$$

$$\Rightarrow \frac{5x-4y}{10}=1$$

$$\Rightarrow 5x-4y=10 \quad ...(i)$$

तथा $y-x=10 \quad ...(ii)$

समी (i) व (ii) से,

$5x-4y=10$
$4y-4x=40$ समी (ii) $\times 4$ से
$x=50$

$x$ का मान समी (ii) में रखने पर,

$y-50=10$


$y=60$

$\therefore$ दोनों संख्याओं का योग

$=x+y=50+60=110$


## भाग-IV: मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण

**1.** (2)




अत: दीपा प्रारम्भिक बिन्दु के सन्दर्भ में पूर्व दिशा में है।


**2.** (4)





अत: P अन्य से भिन्न है।

**3.** (4) कथन से स्पष्ट है कि ना तो पूर्वानुमान I और न ही पूर्वानुमान II अंतर्निहित है।


**4.** (1) प्रदत्त संख्या शृंखला निम्नवत् है




**5.** (2) जिस प्रकार,





उसी प्रकार,




**6.** (4) कथन से स्पष्ट है कि न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है।

**7.** (1) प्रश्नानुसार, संबंध आरेख बनाने पर,




अत: हेमा ललिता की भाभी हुई।

**8.** (3) दी हुई जानकारी से स्पष्ट है कि संदीप सिंह का मामला संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा।

**9.** (1) दी हुई जानकारी मामले का निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**10.** (3) दी हुई जानकारी मामले का निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**11.** (3) जिस प्रकार, $1245+2222=3467$

उसी प्रकार, $1726+2222=\boxed{3948}$

**12.** (1) कथनानुसार,





निष्कर्ष I. ✓

II. ✗

अत: केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।


**13.** (1) प्रश्नानुसार, रमा के चलने का क्रम निम्नवत् है




अत: अन्त में रमा दक्षिण की दिशा में जा रही है।

**14.** (1) उत्तर आकृति (1) में दी हुई आकृति में प्रश्न आकृति अंत:स्थापित है।

**15.** (2) कथनानुसार,





निष्कर्ष I. ✗

II. ✓

अत: केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।


Scanned by CamScanner

**16.** (1) पशु, घोड़ा तथा घोड़ी के बीच के संबंध को निम्न आरेख दर्शाता है




**17.** (4) 'पश्चात्' अन्य से भिन्न है, क्योंकि पश्चात् भविष्य का द्योतक है, जबकि पहले, पिछला तथा अतीत भूतकाल के द्योतक हैं।

**18.** (2) जिस प्रकार, उसी प्रकार,




**प्रश्न संख्या 19 से 21 के हल हेतु संकेत**

इनपुट : 312 546 **987** 345 342 326
चरण I: 987 312 **546** 345 342 326
चरण II: 987 546 312 **345** 342 326
चरण III: 987 546 345 312 **342** 326
चरण IV: 987 546 345 342 312 **326**
चरण V: 987 546 345 342 326 312
चरण V इनपुट का अन्तिम चरण होगा।

**19.** (1) दिया हुआ चरण इनपुट का चरण III होगा।

**20.** (4) इनपुट का अन्तिम चरण पाने के लिए V चरणों की आवश्यकता होगी।

**21.** (3) इनपुट का चरण (IV) निम्नवत् है
987 546 345 342 312 326

**22.** (2) प्रदत्त अक्षर शृंखला निम्नवत् है—




**23.** (4) प्रश्नानुसार, रमेश के चलने का क्रम निम्नवत् है




AB = 20 किमी, BC = 20 किमी, CD = 20 किमी, AB = BC = 20 किमी

अत: रमेश अपने प्रारम्भिक बिन्दु से 20 किमी की दूरी पर है।

**24.** (2) कथनानुसार, दोनों पूर्वानुमान I और II अंतर्निहित हैं।


**25.** (1) विकल्प (1) में दी हुई आकृति अन्य से भिन्न है।

**26.** (3) कथनानुसार, केवल तर्क I मजबूत है।

**27.** (3) प्रदत्त शब्द में केवल एक ही 'i' है और Crisis में दो 'i' हैं। अत: crisis शब्द दिए हुए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है।

**28.** (4) विकल्प (4) में दी हुई आकृति में प्रश्न आकृति अंत:स्थापित है।

**29.** (1) प्रश्नानुसार, संबंध आरेख बनाने पर,





अत: आरेख से यह स्पष्ट है कि वह लड़का नरेन का पुत्र है।


**30.** (2) प्रदत्त शब्द में एक 'r' है, जबकि Matriarch में दो 'r' हैं। अत: Matriarch दिए हुए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है।

**31.** (4) थाईलैंड के अतिरिक्त अन्य सभी महाद्वीप हैं, जबकि थाईलैंड एक देश है।


**32.** (1) जिस प्रकार,





उसी प्रकार,





**33.** (1) जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**34.** (2) प्रश्नानुसार, संबंध आरेख बनाने पर,




अत: M, A का पति है।

**35.** (2) कथन I व II को मिलाने पर,

| दिन | विषय |
|---|---|
| सोमवार | भौतिकी |
| मंगलवार | रसायन विज्ञान/भौतिकी |
| बुधवार | रसायन विज्ञान/अर्थशास्त्र |
| गुरुवार | अर्थशास्त्र/प्राणी विज्ञान |
| शुक्रवार | प्राणी विज्ञान/गणित |

अत: दोनों कथनों I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।


**36.** (1) कथन I व II को मिलाने पर,

| व्यक्ति | दिन |
|---|---|
| P | सोमवार |
| Q | बुधवार |
| R | मंगलवार |
| S | गुरुवार |

अत: दोनों कथनों I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।


**37.** (1) विकल्प (1) में दी हुई आकृति में प्रश्न आकृति अंत:स्थापित है।

**38.** (4)





अत: EF : UV अन्य से भिन्न है।


**39.** (1) पिता, माता और कवयित्री के बीच के संबंध को निम्न आरेख दर्शाता है




**40.** (4) कथन I से,




कथन II से,




अत: केवल कथन I या कथन II में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

Scanned by CamScanner